www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 December 26, 2010 Shift 1 Law Question Paper**

# PAPER-II
# LAW

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ______________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________________
(In words)

**D 5 8 1 0**

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

1. The term 'secularism' implies that
   (A) Parliament should support religions
   (B) State and religion are inseparable
   (C) State does not recognise any religion as a State religion
   (D) People are free to worship State recognised religion

2. In which of the following case the Supreme Court held that, 'if a body is an agency or instrumentality of Government it may be an authority under Article 12' ?
   (A) Ujjambai V. State of Uttar Pradesh
   (B) Ramana Dayaram Shetty V. The International Airport Authority of India
   (C) Electricity Board, Rajasthan V. Mohanlal
   (D) P.D. Shamdasaru V. Central Bank of India

3. The Supreme Court of India for the first time struck down the 'Carry forward Rule' as unconstitutional in the following case :
   (A) Balaji V. State of Mysore
   (B) Rangachari V. General Manager, Southern Railway
   (C) Ashok Kumar Thakur V. State of Bihar
   (D) Devadasan V. Union of India

4. A Judge of a Supreme Court or High Court may be removed from his service by
   (A) The President of India
   (B) The Chief Justice of the Supreme Court
   (C) Parliament through impeachment motion
   (D) National Judicial Academy

5. Which of the following case is popularly known as 'the Fundamental Rights' case ?
   (A) M.C. Mehta V. Union of India
   (B) Keshavanand Bharati V. State of Kerala
   (C) S.P. Gupta V. Union of India
   (D) Champakam Dorairajan V. State of Madras

6. Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| I. Right to go abroad | A. Olga Tellis's case |
| II. Right to livelihood | B. Mohini Jain's case |
| III. Right against sexual harassment | C. Menaka Gandhi's case |
| IV. Right to education | D. Vishakas' case |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | D | B | A | C |
| (B) | B | C | D | A |
| (C) | C | A | D | B |
| (D) | B | A | C | D |

7. Consider the following statements relating to Kelsen's pure theory of law :
   I. Law is a coercive order.
   II. Law are ought propositions.
   III. Law is a system of social rules.
   IV. There is a hierarchy of norms, each norm being valid on the presupposed validity of some other.

   **Codes :**
   (A) I, II and IV are correct.
   (B) II, III and IV are correct.
   (C) I and III are correct.
   (D) II and IV are correct.

Prepp
Your Personal Exams Guide

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** 'धर्मनिरपेक्षतावाद' शब्द का तात्पर्य है कि
(A) संसद को धर्मों को समर्थन देना चाहिए ।
(B) राज्य और धर्म अपृथक्कनीय हैं ।
(C) राज्य किसी भी धर्म को राजकीय धर्म के रूप में मान्यता नहीं देता है ।
(D) राज्य-मानित धर्म की पूजा करने के लिये लोग स्वतन्त्र हैं ।

**2.** सर्वोच्च न्यायालय ने निम्नांकित में से किस वाद में यह अवधारित किया है कि, यदि कोई सरकार का अभिकरण या साधनत्व है तो यह अनुच्छेद 12 के अंतर्गत प्राधिकारी हो सकता है :
(A) उज्जमबाई बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(B) रमण दयाराम शेट्टी बनाम भारत का अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन अधिकरण
(C) विद्युत बोर्ड, राजस्थान बनाम वी. मोहनलाल
(D) पी.डी. शामदेसरु बनाम सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**3.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 'अग्रेनयन नियम' को पहली बार निम्नांकित वाद में असंवैधानिक मान कर त्याग दिया :
(A) बालाजी बनाम मैसूर राज्य
(B) रंगाचारी बनाम जनरल मैनेजर, दक्षिणी रेलवे
(C) अशोक कुमार ठाकुर बनाम बिहार राज्य
(D) देवदासन बनाम भारत संघ

**4.** सर्वोच्च न्यायालय या उच्च-न्यायालय के न्यायाधीश को निम्नलिखित के द्वारा अपने सेवापद से बर्खास्त किया जा सकता है :
(A) भारत के राष्ट्रपति
(B) सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश
(C) महाभियोग प्रस्ताव के जरिये संसद द्वारा
(D) राष्ट्रीय न्यायिक एकेडेमी

**5.** निम्नांकित में से किस वाद को लोक प्रचलित रूप से 'मौलिक अधिकारों का वाद' कहा जाता है ?
(A) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ
(B) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
(C) एस.पी.गुप्ता बनाम भारत संघ
(D) चंपाकम दोरायराजन बनाम मद्रास राज्य

**6.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| I. विदेश जाने का अधिकार | A. ओल्गा टेलिस का केस |
| II. जीवनयापन का अधिकार | B. मोहिनी जैन का केस |
| III. यौन उत्पीड़न विरुद्ध अधिकार | C. मेनका गांधी का केस |
| IV. शिक्षा का अधिकार | D. विशाखा का केस |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | D | B | A | C |
| (B) | B | C | D | A |
| (C) | C | A | D | B |
| (D) | B | A | C | D |

**7.** केल्सन के विधि सम्बन्धी शुद्ध सिद्धान्त सम्बन्धी निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
I. विधि एक अवपीड़क व्यवस्था है ।
II. विधि 'होना चाहिए' प्रतिपादनायें है ।
III. विधि सामाजिक नियमों की व्यवस्था है ।
IV. मानकों की श्रेणीबद्धता है, प्रत्येक मानक की वैधता किसी अन्य की पूर्वानुमातिक वैधता पर आधारित है ।

**कूट :**
(A) I, II एवं IV सही हैं ।
(B) II, III एवं IV सही हैं ।
(C) I एवं III सही हैं ।
(D) II एवं IV सही हैं ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** **Assertion (A) :** Ownership subject to condition subsequent is vested ownership.

**Reason (R) :** Possession and ownership do not differ in their mode of acquisition.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**9.** Law according to Joseph Raz is a

(A) Social engineering

(B) Social fact

(C) Political principle

(D) Normative science

**10.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I (Concepts) | List – II (Jurists) |
|---|---|
| I. Minimum content of law | 1. Fuller |
| II. Inner morality of law | 2. Hart |
| III. Law with a variable content | 3. Kohler |
| IV. Law as a phenomenon of civilization | 4. Stammler |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**11.** X, an accused drove off amongst his own lambs, without knowing it, a lamb belonging to Y. After X discovered the error, he sold the lamb belonging to Y with his own lambs. X is guilty of

(A) theft

(B) theft and continuing trespass

(C) continuing trespass

(D) none of the above

**12.** Consider the names of the following jurists associated with sociology of law and sociological jurisprudence :

I. Max Weber

II. Leon Duguit

III. Ehrlich

IV. Ihering

The correct chronological order in which these jurists appeared on the science is

(A) II, IV, I and III

(B) IV, I, III and II

(C) I, III, IV and II

(D) III, IV, II and I

**13.** The Charter of the United Nations requires that the organization and its members shall act in accordance with the principles enumerated in the Charter. Which of the following is not one of such principles ?

(A) Sovereign equality

(B) Settlement of international disputes by peaceful means

(C) Promotion of human rights

(D) Prohibition of threat or use of force

**14.** Human Rights Commission has been discarded in 2006 and its successor is

(A) Human Rights Committee

(B) Human Rights Council

(C) International Committee of Red Cross

(D) Amnesty International

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** कथन (A) : पश्चातवर्ती शर्त के अधीन स्वामित्व हितबद्ध स्वामित्व है ।

कारण (R) : अर्जन की दृष्टि से कब्जा एवं स्वामित्व में कोई अंतर नहीं है ।

कूट :

(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**9.** जोसेफ राज के अनुसार विधि है

(A) सामाजिक अभियांत्रिकी

(B) सामाजिक तथ्य

(C) राजनीतिक सिद्धान्त

(D) मानकीय विज्ञान

**10.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

| सूची – I (अवधारणाएँ) | सूची – II (विधिवेत्तागण) |
|---|---|
| I. विधि की न्यूनतम अन्तर्वस्तु | 1. फुलर |
| II. विधि की आंतरिक नैतिकता | 2. हार्ट |
| III. परिवर्तनशील अंतर्वस्तु सहित विधि | 3. कोह्लर |
| IV. सभ्यता के प्रत्यक्ष ज्ञान, विषय के रूप में विधि | 4. स्टैम्लर |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**11.** 'X', एक अभियुक्त ने अज्ञानतावश अपनी भेड़ों के साथ 'Y' की एक भेड़ को हांक दिया । जब 'X' को भूल की जानकारी हुई तो अपनी भेड़ों के साथ 'Y' की भेड़ को भी बेच दिया । 'X' दोषी है

(A) चोरी

(B) चोरी तथा निरंतर अतिचार

(C) निरंतर अतिचार

(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**12.** विधि के समाजशास्त्र एवं समाजशास्त्रीय विधि शास्त्र से जुड़े निम्नांकित विधि वेत्ताओं के नामों पर विचार कीजिए :

I. मैक्स वेबर

II. लियोन ड्यूगिट

III. एहरलिच

IV. इहरिंग

सही क्रम जिसमें इन विधिवेत्ताओं का प्रादुर्भाव हुआ :

(A) II, IV, I एवं III

(B) IV, I, III एवं II

(C) I, III, IV एवं II

(D) III, IV, II एवं I

**13.** संयुक्त राष्ट्र चार्टर में यह अपेक्षित है कि संगठन और उसके सदस्य चार्टर में बताये गये सिद्धान्तों के अनुसार कार्यवाही करें । ऐसा सिद्धान्त निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?

(A) संप्रभु समानता

(B) अंतर्राष्ट्रीय विवादों का शान्तिपूर्ण साधनों द्वारा निबटारा

(C) मानवाधिकारों को बढ़ावा देना

(D) धमकी या बल प्रयोग का निषेध

**14.** मानवाधिकार आयोग को 2006 में त्याग दिया गया है और उसका उत्तराधिकारी है

(A) मानवाधिकार समिति

(B) मानवाधिकार परिषद

(C) अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति

(D) एमनेस्टी इंटरनेशनल

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** Read Assertion (A) and Reason (R) and with the help of codes given below, point out the correct answer :

**Assertion (A) :** The jurisdiction of International Court of Justice is based on the consent of the parties to the dispute.

**Reason (R) :** Principle of reciprocity underlies the jurisdiction of International Court of Justice.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is good explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**16.** Arrange the following international instruments in order in which they were adopted. Use the codes given below :

I. The Charter of United Nations.

II. Universal Declaration of Human Rights.

III. International Covenant for the Protection of Civil and Political Rights.

IV. International Convention on Elimination of All Forms of Racial Discrimination.

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | IV | II | III |
| (B) | II | IV | I | III |
| (C) | I | II | IV | III |
| (D) | I | III | IV | II |

**17.** Match the case decided by International Court of Justice mentioned in List – I with the year of decision mentioned in List – II and with the help of codes given below, point out the correct answer :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| I. North Sea Continental Shelf Cases | 1. 1969 |
| II. Corfu Channel Case | 2. 1949 |
| III. South West Africa Case | 3. 1955 |
| IV. Right of Passage Over Indian Territories | 4. 1960 |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**18.** In India, treaty-making is
(A) Legislative Act
(B) Executive Act
(C) Judicial Act
(D) Legislative and Judicial Act

**19.** Which section of the Hindu Marriage Act, 1955 provides the remedy of "Restitution of Conjugal Rights" ?
(A) Section 5 (B) Section 9
(C) Section 11 (D) Section 13

**20.** Which of the following refers to the irrevocable form of Talaq ?
(A) Talaq-ul-ahsan
(B) Talaq-ul-Hasan
(C) Talaq-ul-Biddat
(D) Talaq-i-Tafweez

**21.** The Special Marriage Act was enacted in the year
(A) 1932 (B) 1947
(C) 1954 (D) 1956

**15.** अभिकथन (A) और कारण (R) पढ़ें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार विवाद के पक्षों की सहमति पर आधारित है ।

**कारण (R) :** अन्योन्यता का सिद्धान्त अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का आधार है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**16.** निम्नांकित अंतर्राष्ट्रीय लिखतों (या यंत्रों) को उन्हें अपनाने के अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिये । तथा नीचे दिये कूट की सहायता से सही उत्तर बताइये :

I. संयुक्त राष्ट्र चार्टर

II. मानवाधिकारों का सार्वभौमिक घोषणापत्र

III. अंतर्राष्ट्रीय सिविल एवं राजनीतिक अधिकार सुरक्षा प्रसंविदा

IV. अंतर्राष्ट्रीय सर्वरूप नस्लीय भेदभाव उन्मूलन अभिसमय

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | IV | II | III |
| (B) | II | IV | I | III |
| (C) | I | II | IV | III |
| (D) | I | III | IV | II |

**17.** सूची – I में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा निर्णीत मामले को सूची – II में उल्लेख किये गये निर्णय के वर्ष के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर बताइये :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| I. उत्तर सामुद्रिक महाद्वीपीय शेल्फ केस | 1. 1969 |
| II. कॉरफ्यू चैनल केस | 2. 1949 |
| III. दक्षिण पश्चिम अफ्रीका केस | 3. 1955 |
| IV. भारतीय प्रदेशों पर से यात्रा का अधिकार | 4. 1960 |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**18.** भारत में, सन्धि करना

(A) विधायी कार्य है ।

(B) कार्यकारी कर्म है ।

(C) न्यायिक कार्य है ।

(D) विधायी और न्यायिक कार्य है ।

**19.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की कौन सी धारा में "दांपत्य अधिकारों के प्रस्थापन" का प्रावधान है ?

(A) धारा 5 (B) धारा 9

(C) धारा 11 (D) धारा 13

**20.** तलाक का अप्रतिसंहरणीय रूप निम्नांकित में से कौन सा है ?

(A) तलाक-उल-एहसान

(B) तलाक-उल-हसन

(C) तलाक-उल-बिद्दत

(D) तलाक-इ-तफवीज़

**21.** विशेष विवाह अधिनियम किस वर्ष में पारित हुआ ?

(A) 1932 (B) 1947

(C) 1954 (D) 1956

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** **Assertion (A)** Break down of marriage as such is not a ground for divorce.

**Reason (R) :** It may result into an easy way of dissolution of marriage and shall result into instability in the society.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct.
(B) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(C) Both (A) and (R) are wrong.
(D) (R) is correct, but (A) is wrong.

**23.** The main sources of Muslim law are, Holy Quran, Sunna & Ahadhis and Ijmaa.

(A) True
(B) False
(C) Partly true and partly false
(D) None of the above

**24.** The Supreme Court of India gave direction to the fact that the marriages of all persons, citizen of India, belonging to various religions should be made compulsorily registerable in those respective States where marriage is solemnized. These directions were issued in which of the following cases ?

(A) R.D. Upadhyay V. State of A.P.
(B) Shastri V. Muldas
(C) Seema V. Ashwanikumar
(D) Kailash Sarkar V. Maya Devi

**25.** Consensus ad idem means

(A) Common Intention
(B) Meeting of Minds
(C) Common Object
(D) None of the above

**26.** When consent is given by mistake, agreement will be

(A) Voidable
(B) Void
(C) Illegal
(D) Valid

**27.** Two statements are given in this question. One is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Examine these statements and select the correct combination of the codes.

**Assertion (A) :** Collateral transaction to wagering agreement is enforceable by law.

**Reason (R) :** Wagering agreement is not illegal.

**Codes :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct.
(B) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is wrong.
(C) Both Assertion (A) and Reason (R) are wrong.
(D) Reason (R) is correct, but Assertion (A) is wrong.

**28.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) General offer | (i) Bhagwandas V. Girdharilal |
| (b) Contract by telephonic communication | (ii) Lalman V. Gauridatt |
| (c) Acceptance given in ignorance of proposal | (iii) Carlil V. Carbolic Smoke Ball Co. |
| (d) Remoteness of damages | (iv) Hadley V. Baxendale |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

**22.** **अभिकथन (A) :** विवाह का भंग हो जाना विवाह विच्छेद के लिये आधार नहीं है ।

**कारण (R) :** यह विवाह के विघटन का आसान तरीका बन सकता है और इसका परिणाम समाज में अस्थिरता का होगा ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) सही है और (R) गलत है ।
(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(D) (R) सही है, और (A) गलत है ।

**23.** मुस्लिम विधि के मुख्य स्रोत होली कुरान, सुन्ना, अहदीस और इज़्मा हैं

(A) सत्य
(B) मिथ्या
(C) आंशिक रूप से सत्य और आंशिक रूप से मिथ्या
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने निदेश दिये हैं कि विभिन्न धर्मों के भारतीय नागरिकों और समस्त व्यक्तियों के विवाह को, उन राज्यों में, जहाँ विवाह संस्कार पूरे किये गये हैं, अनिवार्य रूप से पंजीकरणीय कर देने चाहिये । निम्नांकित वादों में से किसमें यह निदेश जारी किये गये थे ?

(A) आर.डी. उपाध्याय बनाम आन्ध्र प्रदेश का राज्य
(B) शास्त्री बनाम मलदास
(C) सीमा बनाम अश्विनी कुमार
(D) कैलाश सरकार बनाम माया देवी

**25.** 'कॉन्सेन्सस एड् आइडेम्' का तात्पर्य है

(A) सामान्य आशय
(B) मस्तिष्कों का मिलन
(C) सामान्य उद्देश्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** जब भूल से स्वीकृति दी जाती है, तो करार होगा

(A) शून्यकरणीय
(B) शून्य
(C) अवैध
(D) वैध

**27.** इस प्रश्न में दो कथन दिये गये हैं । एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । इन कथनों की जाँच करें और कूटों का सही मिश्रण चयन करें :

**अभिकथन (A) :** बाज़ी के करार का संपार्श्विक संव्यवहार विधि द्वारा प्रवर्तनीय होता है ।

**कारण (R) :** बाज़ी का करार अवैध नहीं होता है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(C) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

**28.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) सामान्य प्रस्ताव | (i) भगवानदास बनाम गिरधारी लाल |
| (b) टेलीफोन संचार द्वारा संविदा | (ii) लालमान बनाम गौरीदत्त |
| (c) प्रस्ताव की अनभिज्ञता में स्वीकृति देना | (iii) कारलिल बनाम कारबोलिक स्मोक बॉल कम्पनी |
| (d) हर्जाने की दूरस्थता | (iv) हैडले बनाम बैक्सेंडेल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** When the parties to the contract agree to substitute the existing contract with new contract, it is called

(A) Alteration in Contract
(B) Rescission of Contract
(C) Novation of Contract
(D) All of the above

**30.** Where a contract contains a stipulation by way of penalty on breach of contract, the aggrieved party is entitled for compensation :

(A) Stipulated amount, if actual loss is proved
(B) Stipulated amount, even actual loss is not proved
(C) Reasonable amount but not more than stipulated amount
(D) Reasonable amount, even more than stipulated amount if loss is proved

**31.** Torts is defined as a civil wrong for which remedy is an action for

(A) Unliquidated damages
(B) Liquidated damages
(C) Damages of all kinds
(D) No damages

**32.** The exercise of ordinary rights for a lawful purpose and in a lawful manner is no wrong even if it causes damage. This is known as

(A) Volenti non fit injuria
(B) Injuria sine damnum
(C) Damnum sine injuria
(D) None of the above

**33.** 'Respondent superior' means

(A) respondent is superior than plaintiff
(B) master is superior
(C) servant is not liable
(D) master is vicariously liable

**34.** In remoteness of damages the main tests to determine whether damage is remote or not are

I. Test of reasonable Foresight
II. Test of Remoteness
III. Test of Directness
IV. Test of Foresightedness

(A) II, III
(B) II, IV
(C) III, IV
(D) I

**35.** **Assertion (A) :** For an 'Act of God' to be an exception, there is to be working of the natural forces so unexpected that no human force or skill could reasonably be expected to anticipate it.

**Reason (R) :** It is not an absolute exception and can be overlooked.

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) (R) is correct, but (A) is wrong.
(C) Both (A) and (R) are correct.
(D) Both (A) and (R) are wrong.

**36.** **Assertion (A) :** If a dangerous thing is brought on one's land, its use is non-natural and if it escapes, the person can plead lack of 'mens rea' as a plea.

**Reason (R) :** The rule of strict liability cannot be applied to every such situation.

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) (R) is correct, but (A) is wrong.
(C) Both (A) and (R) are correct.
(D) Both (A) and (R) are wrong.

**29.** जब संविदा के पक्षकार की गई संविदा को नयी संविदा द्वारा प्रतिस्थापित करने के लिये सहमत होते हैं, तो यह कहलाता है

(A) संविदा में परिवर्तन
(B) संविदा का विखण्डन
(C) संविदा का नवीनीकरण
(D) उपर्युक्त सभी

**30.** जहाँ संविदा में, संविदा भंग होने पर शास्ति के रूप राशि का प्रावधान है, तो पीड़ित पक्षकार निम्नलिखित क्षतिपूर्ति का हकदार होता है :

(A) यदि वास्तविक हानि सिद्ध हो जाती है, तो तय की गई राशि
(B) यदि वास्तविक हानि सिद्ध नहीं भी हुई हो, तो भी तय की गई राशि
(C) उचित राशि, परन्तु तय की गई राशि से अधिक नहीं हो
(D) उचित राशि, परन्तु यदि वास्तविक हानि सिद्ध हो जाती है तो तय की गई राशि से अधिक भी

**31.** अपकृत्यों को सिविल प्रकृति के अनुचित कार्य के रूप में परिभाषित किया गया है जिसके लिये उपचार निम्नलिखित के लिये कार्यवाही है :

(A) अनिश्चित हर्जाना
(B) निश्चित हर्जाना
(C) सब प्रकार के हर्जाने
(D) कोई हर्जाना नहीं

**32.** विधिवत उद्देश्य के लिये साधारण अधिकार का विधिवत ढंग से प्रयोग अनुचित कार्य नहीं है चाहे इससे क्षति होती है । इसे निम्नलिखित के रूप में जाना जाता है :

(A) वैलेन्टी नॉन फिट इनज्युरिया
(B) इनज्युरिया साइन डैमनम
(C) डैमनम साइन इनज्युरिया
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** 'श्रेष्ठ उत्तरदाता' का तात्पर्य है

(A) वादी की तुलना में प्रतिवादी श्रेष्ठ है ।
(B) स्वामी श्रेष्ठ है ।
(C) नौकर जवाबदेह नहीं है ।
(D) स्वामी प्रतिनिधि रूप से जवाबदेह है ।

**34.** क्षति की दूरस्थता में क्षति दूरस्थ है या नहीं के निर्धारण की प्रमुख कसौटी है :

I. युक्तियुक्त पूर्वानुमान का परीक्षण
II. दूरस्थता का परीक्षण
III. प्रत्यक्षता का परीक्षण
IV. पूर्वानुमान का परीक्षण

(A) II, III
(B) II, IV
(C) III, IV
(D) I

**35.** **कथन (A)** : 'देवीकृत्य' को अपवाद होने के लिये प्राकृतिक शक्तियों की कार्यकारिता इतनी अनापेक्षित हो कि किसी भी मानवीय शक्ति या कौशल द्वारा इसका युक्तियुक्त ढंग से अनुमान लगा पाना अपेक्षित न हो ।

**कारण (R)** : यह पूर्ण अपवाद नहीं है और इसे नजरअन्दाज किया जा सकता है ।

**कूट :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**36.** **कथन (A)** : यदि खतरनाक चीज किसी के भूस्थान में लाई जाती है, उसका उपयोग अ-प्राकृतिक है और यदि वो साफ निकल जाती है, तो व्यक्ति प्रतिवाद के रूप में 'दुराशय के अभाव' की दलील पेश कर सकता है ।

**कारण (R)** : कठोर दायित्व का नियम प्रत्येक ऐसी स्थिति में लागू नहीं किया जा सकता है ।

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**37.** The demarcating line between intention and knowledge is
(A) Non-existing
(B) Existing
(C) Thin
(D) Wide

**38.** The feeling of hatredness exciting an individual is an offence of
(A) Conspiracy
(B) Abetment
(C) Defamation
(D) None of above

**39.** Sex with a girl with fraudulent consent amounts to
(A) Simple physical assault
(B) Molestation
(C) Outraging of modesty
(D) Rape

**40.** The requirement for fixing joint liability lies particularly on the confederation of parties because of
(A) Common object
(B) Common intention
(C) Vicarious liability
(D) Deemed to be guilty

**41.** An aggravated form of wrongful confinement of a girl amounts to
(A) Kidnapping
(B) Abduction
(C) Enticing
(D) Taking away

**42.** In order to prove the offence of dowry related act the law prescribes that
(A) The demand for dowry should have been made within seven years of marriage.
(B) There must be cruelty against the woman to infer dowry demand.
(C) There must be a conduct of harassment only for such demand.
(D) All of them.

**43.** Permanent closing down of a part of place of work is called
(A) Lay-off
(B) Retrenchment
(C) Closure
(D) Lockout

**44.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I (Subject) | List – II (Judicial Decisions) |
|---|---|
| I. Lockout | 1. Lalit Hari Ayurvedic College Pharmacy V. Workers and Hospital Union |
| II. Lay-off | 2. A.P. Dairy Development Co-Op. Federation Ltd. V. Presiding Officer, Labour Court Guntur |
| III. Industrial Dispute | 3. Workman V. Firestone Tyre & Rubber Co. |
| IV. Industry | 4. Kairbeta Estate V. Rajmanickam |

**Codes :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** आशय और ज्ञान के बीच सीमांकन रेखा

(A) अविद्यमान है । (B) विद्यमान है ।

(C) पतली है । (D) चौड़ी है ।

**38.** व्यक्ति को उत्तेजित करने वाली घृणा की भावना निम्नलिखित का अपराध है :

(A) षड्यन्त्र

(B) दुष्प्रेरण

(C) मानहानि

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** छलपूर्ण रजामन्दी से लड़की के साथ यौन सम्बन्ध निम्नलिखित कहलाता है :

(A) सादा शारीरिक प्रहार

(B) छेड़छाड़

(C) शालीनता भंग करना

(D) बलात्कार

**40.** संयुक्त दायित्व निश्चित करने के लिये अपेक्षा निम्नलिखित की वजह से पक्षों के संगठन पर रहती है :

(A) सामान्य उद्देश्य

(B) सामान्य आशय

(C) प्रतिनिधिक दायित्व

(D) कसूरवार समझ लेना

**41.** लड़की के सदोष परिरोध का अपवर्धित रूप कहलाता है

(A) अपहरण

(B) व्यपहरण

(C) प्रलोभित करना

(D) ले जाना

**42.** दहेज सम्बन्धित अधिनियम का अपराध सिद्ध करने के लिये कानून ने विहित किया है कि

(A) विवाह के सात वर्षों के अन्दर दहेज की माँग की गई हो ।

(B) दहेज की माँग के निर्णय पर पहुँचने के लिये स्त्री के विरुद्ध निर्दयता की गई हो ।

(C) सिर्फ ऐसी माँग के लिये तंग किया गया हो ।

(D) उपर्युक्त सभी

**43.** कार्य-स्थल के किसी भाग को स्थायी रूप से बंद करना कहलाता है

(A) जबरी-छुट्टी

(B) छँटनी

(C) बंदी

(D) तालाबन्दी

**44.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

| सूची – I (विषय) | | सूची – II (न्यायिक निर्णय) |
|---|---|---|
| I. तालाबन्दी | 1. | ललितहरि आयुर्वेदिक कॉलेज फार्मेसी बनाम कर्मकारगण एवं अस्पताल संघ |
| II. जबरी-छुट्टी | 2. | ए.पी. डेयरी डेवलपमेंट कॉऑपरेटिव फेडरेशन लि. बनाम पीठासीन अधिकारी श्रमिक न्यायालय, गुण्टुर |
| III. औद्योगिक विवाद | 3. | कर्मकारगण बनाम फायरस्टोन टायर एवं रबर कम्पनी |
| IV. उद्योग | 4. | कैरबेता इस्टेट बनाम राजमणिकम |

**कूट :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**45.** Consider the following judicial decisions :

I. Hindustan Steel Ltd. V. Presiding Officer

II. Management of KSRT Corp., Bangalore V. M. Boraih

III. Pipraich Sugar Mills V. Mazdoor Union

IV. Management of W.B. India Ltd. V. Jaganath

The correct sequence in which these judicial decisions were rendered is

**Codes :**

(A) I, IV, II and III

(B) IV, II, III and I

(C) II, III, I and IV

(D) III, II, IV and I

**46.** **Assertion (A) :** Definition of lay-off as given under the Industrial Disputes Act does not confer any power on the management to lay-off.

**Reason (R) :** Financial stringency cannot constitute a ground for lay-off.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**47.** Consider the following statements :

I. Lock-out indicates the closure of the place of business.

II. Lock-out indicates the closure of the business itself.

III. Suspension of work due to trade reasons constitute lock-out.

IV. Lock-out does not include discharge.

**Codes :**

(A) I, II and III are correct.

(B) II and III are correct.

(C) I and IV are correct.

(D) II and III are correct.

**48.** A union leader or an office-bearer of the trade union has immunity from

(A) transfer

(B) misconduct

(C) civil proceedings

(D) deliberate trespass

**49.** The maxim <u>Res</u> <u>ipsa</u> <u>loquitur</u> is a rule of

(A) evidence

(B) criminal law

(C) refutal of evidence

(D) vicarious liability

**50.** Which of the following pairs is <u>not</u> correctly matched ?

(A) Distinction between <u>defacto</u> and <u>dejure</u> recognition is political – The Arantzaju Mendi's Case

(B) Status of customary international law in England – Maclaine Watson's Case

(C) Treaty making power of the central executive – Shrikrishna Sharma V. State of West Bengal

(D) Binding character of an arbitral award – Maganbhai Ishwarbhai V. Union of India

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** निम्नलिखित न्यायिक निर्णयों पर विचार कीजिए :

I. हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड बनाम पीठासीन अधिकारी

II. मैनेजमेंट, के.एस.आर.टी. कॉरपोरेशन बंगलोर बनाम एम. बोराइह

III. पिपराइच शुगर मिल्स बनाम मजदूर यूनियन

IV. मैनेजमेंट ऑफ वेस्ट बंगाल इंडिया लि. बनाम जगन्नाथ

सही क्रम जिसमें ये न्यायिक निर्णय दिये गये थे, है :

**कूट :**

(A) I, IV, II एवं III

(B) IV, II, III एवं I

(C) II, III, I एवं IV

(D) III, II, IV एवं I

**46.** **कथन (A)** : औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत दी गई जबरी-छुट्टी की परिभाषा प्रबन्धन को जबरी-छुट्टी करने की शक्ति प्रदान नहीं करती है ।

**कारण (R)** : वित्तीय कठिनाइयाँ जबरी-छुट्टी का आधार नहीं होती हैं ।

**कूट :**

(A) (A) एवं (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) एवं (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**47.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. तालाबन्धी का अभिप्राय कारोबार के स्थान की बंदी से है ।

II. तालाबन्दी स्वत: कारोबार की बन्दी है ।

III. व्यापार-कारणों से कार्य-स्थगन तालाबन्दी है ।

IV. तालाबन्दी में उन्मोचन सम्मिलित नहीं है ।

**कूट :**

(A) I, II एवं III सही हैं ।

(B) II एवं III सही हैं ।

(C) I एवं IV सही हैं ।

(D) II एवं III सही हैं ।

**48.** संघ के नेता अथवा व्यवसाय संघ के अधिकारी को उन्मुक्ति है

(A) स्थान्तरण

(B) दुराचरण

(C) दीवानी कार्यवाहियों

(D) जानबूझकर किये गये अतिचार से

**49.** सूत्र घटनायें स्वयं बोलती हैं, है

(A) साक्ष्य का नियम

(B) आपराधिक विधि का नियम

(C) साक्ष्य के विखंडन का नियम

(D) प्रतिनिधिक दायित्व का नियम

**50.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) तथ्यत: एवं विधित: मान्यता में अंतर राजनीतिक है – अरांतजाजू मेन्डी का वाद

(B) इंग्लैण्ड में प्रथागत अन्तर्राष्ट्रीय विधि की प्रास्थिति – मैक्लेन वाटसन का वाद

(C) केन्द्रीय कार्यपालिका की संधि करने की शक्ति – श्रीकृष्ण शर्मा बनाम पश्चिमी बंगाल राज्य

(D) विवाचन पंचाट की बाध्यकारी प्रकृति – मगनभाई ईश्वरभाई बनाम भारत संघ

**Space For Rough Work**